# ॐ नमो नमो नमह

ॐ नमो नमो नमह,
हर इक राह में साईं बाबा मिलेगे,
जरा साईं से दिल लगा कर तो देखो,
साईं से दिल लगा कर तो देखो,
ज़माने में न तुम को भटकन न पड़े गा,
दीवानों जरा शिर्डी जा कर तो देखो,
हां दीवानों शिर्डी जा कर तो देखो,

तेरे दर पे आया जो बाबा सवाली,
किसी को न तूने लौटाया खाली,
हमे जिन्दगी उसे के कर्म से मिले गी,
जरा साईं पे तो जान लुटा कर तो देखो,
साईं पे जान लुटा कर तो देखो

मेरी जिन्दगी है तुम्हारी इमानत,
मुझे जो मिला है तेरी बदोलत,
हर इक हादसे से बचाये गे तुझको,
जरा साईं को आजमा कर तो देखो,
साईं को अजमा कर तो देखो

समाधि का मंदिर भी है कितना प्यारा,
ये देखा है शिर्डी में हमने नजारा,
हर इक दर्द को आसरा मिल रहा है,
जरा साईं के पास जा कर तो देखो,
साईं के पास जा कर तो देखो,

ये हमसर ने दुनिया को बतला दिया है,
मेरे शिर्डी वाले ने क्या क्या किया है,
जो ग्यारा वचन है वो ही है हकीकत भजन साईं के आप गा कर तो देखो,
जरा साईं से दिल लगा कर तो देखो,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9917/title/om-namo-namo-namh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |